दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 60 मुरादाबाद 23 June 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर सीएम योगी की अफसरों को दो टूक, बोले- यह समय सतर्क रहने का

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए अफसरों को सावधान किया है। उन्होंने कहा कि यह समय सतर्क रहने का है। बुधवार को हुई बैठक में उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 3257 है। विगत 24 घंटों में 91 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 682 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 352 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। 3082 लोग घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। यह समय सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। आवश्यक दवाओं के साथ मेडिसिन किट तैयार करा लिए जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। प्रदेश में कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। 33 करोड़ 73 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 96 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी हैं। 15-17 आयु वर्ग के 99.27 प्रतिशत किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 94.55 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को



बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी की अपेक्षा है। बच्चों को दूसरी डोज समय से दी जाए।संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 01 जुलाई से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, फॉगिंग सैनिटाइजेशन के संबंध में जागरूकता बढ़ाये जाने की जरूरत है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली जाएं। जनप्रतिनिधि गणों का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। जिलों की क्षमता का लाभ उठाने के लिए नियोजित प्रयास जरूरी मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में पोटेंशियल है। इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए नियोजित प्रयास आवश्यक है। अपनी आय वृद्धि की नियमित समीक्षा करते हुए प्रत्येक जनपद/नगरीय निकाय अपनी जीडीपी को बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार करें। नगरीय निकायों को वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए ठोस प्रयास करना होगा। प्रदेश के बदले औद्योगिक माहौल को देखते हुए बड़ी संख्या में देश-दुनिया के उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। उद्योग जगत की जरूरतों के मुताबिक नई औद्योगिक नीति, नई इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल नीति और बेहतर वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक नीति तैयार की जाए। आवश्यकतानुसार संशोधित व नवीन नीतियों को तैयार करते समय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी परामर्श करना चाहिए। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के उपरांत प्रदेश को अतिशीघ्र बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उपहार मिलने जा रहा है। यथासंभव सरल भी किया गया है। इसका लाभ प्रदेश को मिलना चाहिए। अब तक लंबित ऐसे सभी आवेदनों की मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा कर मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। फार्मेसी काउंसिल द्वारा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। सत्यापन में विलंब के कारण किसी का हित प्रभावित न हो। अभ्यर्थियों को सरलता हो, इसके लिए जरूरी व्यवस्था की जानी चाहिए।

## संकट में उद्धव ठाकरे का इमोशनल कार्ड- लकड़ी की कुल्हाड़ी ही पेड़ काटती है, सामने आकर बोलें तो इस्तीफा देने का तैयार

महाराष्ट्र की सरकार और शिवसेना पर संकट के बीच उद्धव ठाकरे ने फेसबुक लाइव पर जनता को संबोधित करते हुए भावुक अपील की है। उन्होंने एकनाथ शिंदे गुट को इशारों में संकेत देते हुए कहा कि यदि कोई मुझे सीएम नहीं देखना चाहता है तो सामने आकर कहें, लेकिन शिवसेना के साथ गद्दारी न करें। यही नहीं संकट को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि कहावत है कि पेड़ को जिस कुल्हाड़ी से काटा जाता है, उसमें लकड़ी ही लगी होती है। वही स्थिति आज पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि यदि मेरे ही लोग मुझे सीएम नहीं देखना चाहते हैं तो फिर मैं क्या कर सकता हूं, यह सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने बागी नेताओं से संवाद की अपील करते हुए कहा, %यदि आप मुझे सीएम नहीं देखना चाहते हैं तो मेरे सामने कह सकते थे, इसके लिए सूरत जाने की क्या जरूरत थी। यदि गुवाहाटी गए विधायकों में से कोई भी आकर कहता है कि मुझे सीएम नहीं देखना चाहता तो तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। जो भी कहना है, मेरे सामने आकर कहें। एक तरफ वे कहते हैं कि वे शिवसेना से गद्दारी नहीं करेंगे और बगावत भी करना गलत है।% उन्होंने कहा कि मेरे सामने आकर रहें तो तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। मेरे साथ जब तक शिवसेना के कार्यकर्ता हैं, तब तक किसी भी चुनौती से डरूंगा नहीं। यदि शिवसैनिकों को लगता है कि मैं शिवसेना का प्रमुख बनने लायक नहीं हूं तो मैं उसे भी छोड़ने के लिए तैयार हूं। कोई शिवसैनिक सीएम बनेगा तो मुझे भी खुशी होगी- मेरे पद छोड़ने के बाद कोई शिवसैनिक सीएम बनता है तो मुझे खुशी होगी। मेरे अलावा यदि कोई और सीएम चाहिए तो मैं उसके लिए भी तैयार हूं। मेरे सामने आकर बात की जाए। कोई भी संकोच है तो फोन पर बात करें, लेकिन गद्दारी न करें। उद्धव ठाकरे ने कहा कि लोकतंत्र में संख्याबल पर ही जीत होती है, लेकिन यह कैसे जुटाई गई है, यह भी अहम बात है।



### एकनाथ शिंदे को उद्धव का जवाब- नई शिवसेना ही मंत्री बने थे

शिवसेना के हिंदुत्व से समझौते के एकनाथ शिंदे के आरोपों पर जवाब देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि 2014 के बाद जो मंत्री पद मिले थे, वह नई शिवसेना से ही मिले थे। बालासाहेब ठाकरे के बाद चुनाव के बाद ही यह मिले थे। उन्होंने कहा कि जनता शिवसेना की भावना को समझती है और हमारे शिवसैनिक दिन-रात उनके लिए काम करते हैं। मैं तो अस्पताल से भी लगातार काम करता रहा। मेरे पास कोई अनुभव नहीं था, लेकिन जिम्मा उठाया और पूरी हिम्मत के साथ काम किया। मैंने शिवसेना प्रमुख को जो वचन दिया था, उसे पूरा करने के लिए मैदान में उतरा था। हम सालों से कांग्रेस और एनसीपी के साथ लड़ रहे थे, लेकिन उनके साथ गए।

### हिंदुत्व से समझौते पर भी उद्धव ठाकरे ने दिया जवाब

उद्धव ठाकरे ने कहा कि पिछले दिनों हमने राम मंदिर का दौरा किया था, उस दौरान तो एकनाथ शिंदे भी हमारे साथ थे। बालासाहेब ठाकरे की मृत्यु के बाद हमने 2014 का चुनाव अपने दम पर लड़ा और हिंदुत्व के मुद्दे पर ही सफलता हासिल की थी। शिवसेना और हिंदुत्व एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हमने जब फैसला लेने की बात कही तो शरद पवार ने मुझसे बात की और कहा कि यदि आप ही सीएम बनें तो फिर हम समर्थन दे सकते हैं। उनका कहना था कि सीनियर नेता तो हमारे पास भी हैं, लेकिन सरकार का गठन होना है तो फिर आपको ही लीडरशिप करनी होगी। मैंने तो कहा था कि मेरे पास तो कभी नगर निगम का भी अनुभव नहीं रहा। मेरे पद लेने के पीछे कोई स्वार्थ नहीं है। राजनीति कभी भी कोई मोड़ ले सकती है।

# बाउंड्री वॉल, वृक्षारोपण, पेंटिंग, शेड निर्माण, आजीविका गतिविधियों एवं पर्यटन सुविधा बढ़ाने के निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




गौरेला पेंड्रा मरवाही- अध्यापन कार्य शुरू नहीं होने, गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण नहीं होने पर हाई स्कूल उसाढ के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश गौरेला पेंड्रा मरवाही, 22 जून 2022/ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरी, उसाढ एवं कछार का दौरा किया। उन्होंने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों, महिला स्व सहायता समूह की आजीविका गतिविधियों, पेयजल, वृक्षारोपण, गोठानों में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट, जल जीवन मिशन के तहत नल जल कलेक्शन की जानकारी ली। उन्होंने देवस्थल सह पर्यटन स्थल समुन्दलई में श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत कार्यालय पंडरी का निरीक्षण किया और सरपंच श्रीमती उर्मिला पेन्द्रों के साथ पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा महिला स्व सहायता समूह की बैठक लेकर पंचायत में चल रहे मनरेगा सहित विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रोजगार सहायक को आवश्यकतानुसार कार्य उपलब्ध कराने तथा गांव में सभी जाबकार्ड धारकों लगातार काम मिलता रहे इसके लिए एक कार्य समाप्त होते ही दूसरा कार्य तैयार रखने कहा। उन्होंने जल ग्रहण के क्षेत्र में कुआं, डबरी, तालाब, स्टॉपडेम आदि कार्य करने को कहा ताकि जल स्तर कम नहीं हो। उन्होंने किसानों का आय बढ़ाने धान के बदले अन्य फसलों के लिए उन्हें प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने हाई स्कूल उसाढ का निरीक्षण किया। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव लगभग एक सप्ताह होने के बाद भी अध्यापन कार्य शुरू नहीं होने और गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण नहीं होने पर वहां के प्राचार्य श्री पी डी वैष्णव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मरवाही श्री आर के दयाल को निर्देश दिए। उन्होंने क्लास रूम में बच्चों से मिली और पढ़ाई लिखाई एवं उपस्थिति के बारे में पूछ ताछ की। उन्होंने साला के सभी शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने और अपने शिक्षकीय उत्तर दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच श्री बहोर सिंह को शाला परिसर का सीमांकन कराने तथा परिसर के किनारे छायादार पेड़ पौधे लगवाने को कहा। उन्होंने कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और अधिकशिक्षा को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर उसाढ तथा परिसर के सभी शासकीय भवनों एवं बाउंड्रीवाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत आकर्षक पेंटिंग कराने को कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत कछार में गोठान का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोठान में पानी की व्यवस्था, गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट की जानकारी ली तथा समूह की महिलाओं से चर्चा कर उन्हें अरहर, उड़द, कोदो, कुटकी की खेती करने तथा सिंचाई के लिए मनरेगा के तहत कुआं बनवाने के लिए तकनीकी सहायक को निर्देश दिए। कलेक्टर ने देवस्थल सह पर्यटन स्थल समुंदलई कुंड का अवलोकन किया और वहां कुंड में लगे रेलिंग में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साकल लगाने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधा विकसित करने सीईओ जनपद पंचायत मरवाही को निर्देश दिए। कलेक्टर ने देव स्थल परिसर कछार में सरपंच श्री सुदर्शन पोट्टम के साथ पौधे भी लगाए। कलेक्टर ने कछार में जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हो चुके 183 नल जल कनेक्शन को सोलर पंप से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। पंचायतों के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री देव सिंह उईके, जनपद पंचायत मरवाही के सीईओ डॉ राहुल गौतम, तहसीलदार श्री शशि चौधरी खंड शिक्षा अधिकारी श्री आरके दयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक सहित विभिन्न पदों के लिए चल साक्षात्कार 23 और 24 जून को

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जिले में संचालित डोगरिया, लाटा और नेवसा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर अस्थायी रूप से शिक्षकीय कार्य के लिए अतिथि शिक्षक सहित विभिन्न पदों के लिए निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए 23 और 24 जून को चल साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। टीजीटी अतिथि शिक्षक के लिए 23 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंजीयन का और सुबह 11 बजे से 4 बजे तक चल साक्षात्कार का समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पीजीटी अतिथि शिक्षक, खेलकूद प्रशिक्षक, योग अनुदेशक, कम्प्यूटर अनुदेशक, संगीत शिक्षक के लिए 24 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंजीयन का और सुबह 11 बजे से 4 बजे तक चल साक्षात्कार का समय निर्धारित किया गया है। उपरोक्त विभिन्न पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, आवेदन का प्रारूप, मानदेय, नियम व शर्तें और अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर और जिले के वेबसाईट www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# यूपी में का बा... गाकर चर्चा में आई नेहा सिंह राठौर बनी यूपी की बहू, इनसे हुई शादी



यूपी और बिहार विधानसभा चुनाव में अपने गाने के जरिए प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठने वाली नेहा सिंह राठौर की शादी हो गई है। नेहा यूपी की बहू बनी हैं। नेहा ने 21 जून को अबेंडकरनगर के रहने वाले हिमांशु सिंह से शादी की है।

नेहा और हिमांशु की शादी लखनऊ के नीलांश थीम पार्क में हुई। शादी सादगी के साथ संपन्न हुई जिससे मीडिया और नेताओं को दूर रखा गया। गौरतलब है नेहा सिंह राठौर पहले बिहार और फिर यूपी विधानसभा में तब चर्चा में आई थी जब उन्होंने बिहार में का बा और फिर यूपी में का बा गाना गाकर धूम मचा दी थी। नेहा ने अपने गानों के जरिए पहले नीतीश कुमार और फिर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला था। इस दौरान नेहा सिंह राठौर को गाने के जरिए जवाब दिया था मैथिली ठाकुर ने जो खुद एक लोक गायिका हैं। नेहा के का बा के जवाब में मैथिली का ई बा काफी चर्चित हुआ था। दोनों की सुरीली जुगलबंदी मीडिया में खूब छाई रहती थी। बहरहाल नेहा सिंह राठौर अब यूपी की ही बहू बन गई है। नेहा अपनी शादी में खूबसूरत साड़ी पहने नजर आई। इस दौरान उनके परिवार के लोग और कुछ करीबी दोस्त शादी में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि नेहा सिंह राठौर अपनी शादी तामझाम से दूर रखना चाहती थी इसलिए शादी लखनऊ में रखी गई।

# अयोध्या में सरयू नदी को स्वीमिंग पूल समझ पत्नी को KISS करना पड़ा युवक को भारी, जमकर हुई धुनाई



अयोध्या में राम की पैड़ी पर स्नान करते हुए पत्नी से रोमांस करना युवक को भारी पड़ गया। सरयू को स्वीमिंग पूल समझ पति अपनी पत्नी को बाहों में लेकर चूमने लगा। दुनिया जहां से बेखबर इस प्रेमी जोड़े को होश ही नहीं रहा कि वो कहां खड़े हैं। उस जगह का क्या महत्व है? ये नदी कितने लोगों की आस्था का केंद्र रही है? कितने लोग उन्हें देख रहे हैं? जिस पवित्र सरयू नदी में स्नान कर लोगों के भीतर भक्ति भाव उमड़ते है वहां पति-पत्नी के मन में वासना की तरंगे उठने लगी। एक तरफ लोग राम का नाम लेकर डुबकी लगा रहे थे वहीं दूसरी तरफ ये शख्स अपनी भीगी हुई पत्नी को बाहों में लेकर उसे चूम रहा था। पहले तो लोगों ने इन्हें इग्नोर किया लेकिन वहां मौजूद एक शख्स ने रोमांस में बाधा डाल दी और उस शख्स की बनियान पकड़कर उसे नदी से बाहर खींच लिया। फिर क्या था, लोग तो पहले से तमाशा देख रहे थे सो वो भी जमा हो गए। इसके बाद लोगों ने उस शख्स पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। भीड़ में कई लोगों ने हाथ साफ किए और बेचारे प्रेमी की हालत पतली कर दी। लोगों ने उसकी बनियान फाड़ दी। गनीमत ये रही कि उसकी पत्नी के साथ किसी ने मारपीट नहीं की। बाद में विवाद बढ़ता देख मामला संत समाज के बीच भी गया। संत समाज ने भी इस घटना पर घोर आपत्ति जताई। गौरतलब है कि अयोध्या स्थित सरयू नदी दुनियाभर में राम भक्तों की आस्था का केंद्र रहा है। लोग भक्ति भाव के साथ सरयू तट पर भगवान राम का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं और फिर हनुमान गढ़ी और रामलला के दर्शन करते हैं।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# रेस फॉर प्लास्टिक फ्री उत्तर प्रदेश के संबंध में जन जागरुकता प्रोग्राम को चला

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -29 जून से 03 जुलाई 2022 तक रेस फॉर प्लास्टिक फ्री उत्तर प्रदेश के संबंध में जन जागरुकता प्रोग्राम को चलाये जाने तथा नगर विकास में किए जाने वाले कार्यो के संबंध में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों एवं चैयरमैनों की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों एवं चैयरमैनों को बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण में बहुत ही घातक एवं खतरनाक है तथा दुश्मन की तरह है जब्तीकरण एवं जुर्माना लगाने से ही कार्य नही चलेगा बल्कि जनता को जागरुक भी करना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है सभी गणमान्य जनप्रतिनिधिगण प्रतिबंधित प्लास्टिक



को रोकने में पहल करें और इसकी नियमित मानीटरिंग करें। जिलाधिकारी ने बताया कि प्लास्टि का डिस्पोजल भी वैज्ञानिक तरीके से हो। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यह यह देख ले कि प्लास्टिक आ कहां से रहा है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं भी प्लास्टिक पडी न मिले और न ही किसी दुकान पर मिलें, प्रतिदिन ई0ओ0 नियमित मानीटरिग के साथ ही रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों एवं चैयरमैनों से कहा कि नगर निकायों में सही एवं प्राथमिकता वाले कार्यो के प्रस्ताव प्रस्तुत करें तथा पेयजल को प्राथमिकता दें। प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि प्लास्टिक के वैज्ञानिक डिस्पोजल हेतु प्लास्टिक की बोतल को अलग किया जाये, बोतल अलग करने से निस्तारण में आसानी होगी, बोतल के अलावा सभी तरह की प्लास्टिक को एक जगह एकत्र किया जाये।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत, चैयरमैनगण, नावेद सिद्दकी एव उदयराज उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास की नई ऊँचाईयों को छुआ-कमिश्नर

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया है कि किसी देश, विशेष क्षेत्र में भारी मात्रा में वस्तुओं का निर्माण उत्पादन या सेवा प्रदान करने के मानवीय एवं मशीनरी कर्म को उद्योग कहा जाता है। उद्योगों के कारण गुणवत्ता वाले उत्पाद सस्ते दामों में प्राप्त होते हैं, जिससे लोगों के रहन-सहन में सुधार होता है और दैनिक जीवन व जीवन सुविधाजनक होता चला जाता है। लोगों को रोजगार मिलता है, देश का चतुर्दिक विकास होता है और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि, उचित जलवायु, कुशल अकुशल मजदूर, तकनीशियन, पूँजी, पावर के साधन, कच्चामाल, यातायात की सुविधा, बाजार की उपलब्धता, निर्यात-आयात की व्यवस्था, ऋण की सुविधा सरकारी सहायता आदि प्रमुख आवश्यकतायें होती हैं। उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। यहाँ मैनपावर, कच्चामाल, प्राकृतिक संसाधन, आवागमन के साधन, उद्योगों की स्थापना हेतु आरक्षित भूमि, एकल खिड़की से देय समस्त सुविधायें अच्छी कानून व्यवस्था आदि उद्योग स्थापित करने के लिए सभी संसाधन मौजूद हैं। कमिश्नर ने उत्तर प्रदेश में उद्योग स्थापना की नीति व सुधार के संबंध में कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उद्योगों की स्थापना तेजी से हो रहे हैं। प्रदेश में उ0प्र0 औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 सहित 20 से अधिक सेक्टोरल नीतियों के साथ उद्यमिता, इनोवेशन तथा 'मेक इन यू0पी0' को बढ़ावा दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रम, भूमि आवंटन, सम्पत्ति रजिस्ट्रेशन, पर्यावरणीय अनुमोदन, निरीक्षण विनिमय, कर भुगतान आदि क्षेत्रों में रिकार्ड 500 से अधिक सुधार लागू किये गये हैं। प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास के लिए 40 विभागों के 1400 से अधिक अनुपालन निरस्त किये हैं। प्रदेश सरकार ने डिजिटल सिंगल विण्डो क्लीयरेंस प्लेटफार्म में ''निवेश मित्र'' पोर्टल पर 29 विभागों की लगभग 349 सेवायें ऑनलाइन उपलब्ध है। जिसके माध्यम से निवेशकों/उद्यमियों को पूरी सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्टार्ट-अप नीति, इज आफ डूइंग बिजनेस, एक जनपद एक उत्पाद आदि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश में भारी संख्या में उद्योगों की स्थापना हो रही है। उद्योगों की स्थापना हेतु प्रदेश में भूमि बैंक के सृजन के विषय में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में औद्योगिक विकास तथा उद्योगों की स्थापना के लिए पूर्व से ही 20 हजार एकड़ भूमि बैंक की व्यवस्था की है, जिसके 5000 एकड़ से अधिक भूमि बैंक का विकास हो गया है और वहाँ उद्योगों की स्थापना हो रही है। राज्य सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश में निर्मित हो रहे एक्सप्रेस-वे के किनारों पर लगभग 22 हजार एकड़ भूमि चिन्हित की है। इन जमीनों में से विभिन्न विकास मॉडलों के माध्यम से औद्योगिक पार्को की स्थापना हो रही है। इन जमीनों का औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा सिंगल विन्डो पोर्टल-निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवंटन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने इसके अतिरिक्त लैण्ड बैंक में वृद्धि हेतु अनेक सुधारों की श्रृंखला में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप के लिए मिश्रित भूमि उपयोग की अनुमति देते हुए जोनल नियमों में संशोधन किया है। औद्योगिक भूमि के लिए तल क्षेत्रफल अनुपात (एफएआर) को बढ़ाकर 3.5 (2.5 अनुमन्य1.0 खरीद योग्य एफएआर) कर दिया गया है। साथ ही उद्योगों की सरप्लस भूमि को सब डिवाइड करने में नीति अधिसूचित कर दी गई है। आवेदन के निस्तारण का आदेश निर्गत किया है।

# तीर्थ कर महावीर विश्वविद्यालय में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद में पहली बार तीर्थ कर महावीर विश्वविद्यालय में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित मुख्य अतिथि रहे राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम तीर्थकर महावीर यूनिवर्सिटी में मंगलवार को योगा दिवस के उपलक्ष में योग का कार्यक्रम होने के बाद संसद स्पर्धा का आगाज हुआ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के योग करके दिखाएं स्पर्धा का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने दीप प्रचलित किया दीप प्रचलित में उनके साथ साथ सुरेश जैन डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त राजपाल सिंह चौहान अखिल भारतीय संयुक्त व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष अयूब सैफी धर्मेंद्र मिश्रा डॉक्टर शेफाली सिंह आदि लोग मौजूद रहे

WWW.KNLSLIVE.COM

# हुजूर मुजददीद मुरादाबादी का सीरफ एक दिवसये उरस मनाया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -खानकाही कदीरीया अशरफीया मदरसा जामिया कादरिया फेज़ाने इमाम आज़म दीवान खाना में उरसे हुजूर मुजददीद मुरादाबादी का सीरफ एक दिवसये उरस मनाया गया मुताबिक 21 जून बारोज़ मंगल बाद असर कुल शरीफ हुआ फिर मौलाना इंशाब ने दुआ कराई अकीदत मन लोगों ने आमीन की सदाएं बुलंद की वाह दस्तारबंदी बाद मगरीब महफिले समा और ना तो का प्रोग्राम हुआ फिर कव्वाल ने अपना कलाम पेश किया और अकीदत मन झूम उठे मौजूद लोगों में कदीरी लंगर तक्सीम किया गया

मौजूदा लोग हाफिज कारी मौलाना ईंशाब हुसैन कदीरी फेज़ी कदीरी फरहान कदीरी असलम कदीरी सलीम कदीरी मोहसिन कदीरी शदाब कदीरी हेदर अली आदी उपस्थित रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Uddhav government in crisis

The Maharashtra Legislative Council election results, which came on Monday evening, had indicated the crisis of the Maha Vikas Aghadi coalition government of the state, so on Tuesday morning, when the news of the revolt in Shiv Sena led by Eknath Shinde came to light, then no one was very surprised. Hui. Shiv Sena may have removed Shinde, who is leading the rebel camp, from the posts like leader and chief whip of the party legislature party, but the stability of the Uddhav government has been seriously questioned.

Ever since this government came into existence in November 2019, there was speculation about its future, although defying all those apprehensions, Uddhav Thackeray not only crossed half of his term, but also became serious like Corona. His government was more or less appreciated for the government's prowess in managing the pandemic. But he has faced a serious internal challenge in the form of Eknath Shinde's rebellion and how he overcomes it depends a lot on both his government and his party. The latest political crisis in Maharashtra has brought political opportunism back to the center of the debate. The irony is that almost every political party here has promoted defection and this tendency has made the moral aspect of switching sides redundant. For a large number of people's representatives, only their own interests have become paramount, and all parties have to bear the brunt.


Now only occasion and circumstances control such MLAs, not ideology or public interest. This situation cannot be called pleasant for democracy."The leaders of Shiv Sena allege that the script of this entire political development has been written by the BJP, and in favor of this they are arguing for the rebels taking shelter in a hotel in Surat, but the big question is that this will help the party to make its own Where does the weakness hide? After the dissatisfaction of the MLAs came to the fore in the Rajya Sabha elections itself, what did the party try to persuade them?

If any opposition party manages to break the MLAs of any party, it simply means that the party did not properly assess the commitment of its candidate while distributing the ticket. The party leadership did not communicate with its MLAs or could not address their grievances. Shiv Sena cannot even claim commitment, as it has broken the pre-poll alliance with the BJP and joined hands with the Nationalist Congress Party and the Congress for the chief minister's post. In the political culture that has made its inroads in the country at this time, no party should assume that the number of representatives it has got in the mandate will remain intact till the next election.

Because when only power-pleasure is the goal, then everything else doesn't matter. It is for the politicians to think that why the MLAs-MPs who have reached the capital by promising security to thousands and lakhs of people have started taking shelter in other states? Only the political parties have to think that how much respect this predatory tendency has increased the respect of the country's constitution and honorable people? The crisis looming over the Maharashtra government is actually a crisis of Indian political culture.

# Ananya Pandey edited the wine glass and filled Bhujia? Troll said - Tasting at the liquor party

A picture of Ananya Pandey is quite viral on social media. Khushi and Shanaya Kapoor are also with him in this photo. In the photo, everyone is knocking the glass in Ananya's hand. The reason is that Bhujia is visible in it. Social media users are commenting on this in different ways. Some say that Ananya has filled the mocktail glass with tasting. At the same time, many people are saying that after photoshopping the picture, Bhujia has been shown instead of the drink. Now only Ananya, Jhanvi, Shanaya and the one who took the photo can tell this. If you want to guess by looking at the picture yourself, you can. Best friends seen in a frame - Ananya Pandey posted a picture of a celebration on her Instagram story. According to reports, this celebration happened in the joy of Khushi and Suhana Khan returning to Mumbai from Ooty. He was there shooting for the film The Archies with Agastya Nanda. On his return get together was done with family, friends and some Bollywood people. It was also attended by Suhana's best friend Ananya and Khushi's sisters Shanaya and Jhanvi Kapoor. There are discussions of a picture of the celebration. In this, Ananya is holding a glass with Bhujia in her hand. People said - call NCB behind - the bottom part of the photo is looking like a blur. Ananya takes mocktail glasses which are filled with bhujia. One user has written, has Ananya taken Chevda? Another has written, 'Daru Party Complimentary Tashana'. One has written, Aryan Khan is behind, drug party is going on, call NCB. Many people feel that the picture has been photoshopped and Bhujia has been shown in the glass.



# Bill Cosby Case: This actor sexually abused a minor, got punishment after 47 years

It is said that it is late in God's house but it is not dark... This proverb can be seen to be proved right here. American standup comedian and actor Bill Cosby was accused of sexually assaulting a minor girl years ago. The investigation of this matter was going on. On Tuesday, June 21, a full 47 years after this case, a California court found the actor guilty. Bill Cosby was accused of sexually abusing a minor at the Playboy Mansion in 1975. The actor was fined $500,000 by the court. Sexual abuse of a 16-year-old minor - Bill Cosby's filthy act was witnessed by a woman who testified that the comedian had invited her and her friend to his mansion. When she was 16 years old and the actor was 37 years old at that time. During this, the actor sexually assaulted her. The woman expressed happiness- Let me tell you, the woman with whom all this happened has turned 63 today and she is very happy with this decision. He said, 'After years this decision has come today and I am happy about it.' Let us tell you, Cosby has denied all these allegations and has denied himself innocent. In the year 2014, the woman had filed a case against the bill. Apart from this, there are some criminal cases going on Bill Cosby. The actor got recognition from The Bill Cosby Show – Bill Cosby was known for his show The Cosby. In which the actor played the role of a loving father and husband. Due to this show, he got a lot of popularity and people gave him the nickname American Dad. Moreover, Bill has always been in trouble, with not just one but more than 50 women accusing him of sexual harassment.



# जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को धोखे में रख कर कराया जा रहा है अमृत महोत्सव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- आप देख ही रहें होंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार सहित भारत अभी किन बेहद गंभीर परिस्थिति से गुजर रहा है और जिला प्रशासन ने एक मुश्त भीड़ जमा करने की अनुमति भी प्रदान कर दीं है. जबकि पूरे देश में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अग्निवीर और अग्निपथ को लेकर आगजनी व तोड़फोड़ की जा रही है जिससे पूरा देश विकट परिस्थिति में है।लेकिन जनपद एटा में किसी को अपने धंधे से मतलब है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस समय प्रदेश के सभी तरह के बलों के नौजवानो की छुट्टिया रद्द कर दीं है। जिससे आपात स्थिति में किसी भी घटना को रोका जा सके. नगरपालिका क्षेत्र में लगे इस अमृत महोत्सव के बारे में जब जानकारी जुटानी शुरू की तो पता चला कि नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा इस आयोजन की अनुमति सेना पड़ाव के लिए छावनी आगरा मुख्यालय सिफारिश की दीं गई थी। जिसे सेना प्रशासन आगरा ने मना कर दिया था।लेकिन धोखे से इस आयोजन को आगरा रोड स्थित एक स्कूल के खाली स्थान में कराया जा रहा है। सूत्रों द्वारा पता चला कि इस अमृत महोत्सव की अनुमति स्ठ्ररू सदर द्वारा नहीं दीं गई है क्योंकि कोरोना काल अभी समाप्त नहीं हुआ है और ना ही ड्ढ।।ह्व व भारत सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों की छूट दीं गई है। फिर आखिर कौन है जो इस समय आग से खेल रहा है। अग्निवीर व अग्निपथ योजनाओं का भी विरोध इस समय इस कदर हो रहा है कि घटना और जिले का कोई अंदाजा लगा पाना प्रशासन के लिए भी रहस्य साबित हो रहा है,फिर इस महोत्सव के पीछे कौन है.जो जनपद एटा का माहौल ख़राब करने की सोची-समझी रणनीति पर काम कर रहा है?

## धोखा कहाँ हैं वो समझिए.

प्रदेश सरकार द्वारा एक योजना चलाई जा रही है जिसका नाम अमृत सरोवर रखा गया है. जो कि गाँव-देहात में जर्ज़र पड़े तालाबो को सरोबर का रूप देना है। यही है अमृत सरोवर योजना! लेकिन कहते है कि कही ना कही कोई शेखचिल्ली आता है और पूरे पढ़े लिखें प्रशासन को अंगूठा टेक बता देता है। सरकार के अमृत सरोवर के हूबहू नाम को प्रयोग करके धंधा करता है जिसका नाम अमृत महोत्सव रख देता है और जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल सहित पूरे प्रशासन की आँखों में मिर्ची डाल देता है। प्रदेश सरकार ने संभाल रखी है. कुछ स्थानों को छोड़ दिया जाये तो पूरे प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की पुलिस ने बेहद संजीदें तरीके से कमान संभाल रखी है। जनपद एटा में सड़क चौराहो पर देखे तो पुलिस का पहरा चारों तरफ है। क्योंकि प्रदेश के हालात बेहद नाजुक बने हुए है और एक बाहर से आये व्यक्ति ने अमृत महोत्सव के नाम पर प्रशासन एटा का मज़ाक बना दिया है।




## भीड़,कोरोना,अग्निपथ, अग्निवीर

यह सब एक साथ एक मंच पर करने के पीछे कौन सा दिमाग़ है। जबकि जेल में बंद बंदियों से मुलाक़ात के लिए भी ऋञ्ज -क्कष्टक्रकी रिपोर्ट के बाद मुलाक़ात संभव है। लेकिन अमृत महोत्सव में बाहर से आने वाले दुकानदारों की कोई वेरिफिकेशन नहीं की गई और नाही ऋञ्ज-क्कष्टक्र माँगा गया है। आखिर जनपद एटा को किस अंधेर नगरी में धकेला जा रहा है। आखिर कौन है वो.... हैंडी क्राफ्ट का धोखा देकर सदर

## विधायक विपिन कुमार वर्मा से कराया उद्घाटन

इस अमृत महोत्सव का उद्घाटन जिस चतुराई से कराया गया है यह भी समझने की जरुरत है। सदर विधायक विपिन कुमार वर्मा को बताया गया कि इस आयोजन के पीछे सरकार की उस योजना को प्रकाश में लाना है जो कि महत्वपूर्ण है। जिसे हैंडी क्राफ्ट कहते है। लेकिन किसी तरह का भविष्य में विधायक द्वारा विरोध ना हो इसलिए सदर विधायक से अमृत महोत्सव का उद्घाटन करा दिया गया है । जब कि इस अमृत महोत्सव का सरकार की किसी भी योजना से कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ भ्रम और धोखे में रख कर जिले की जनता को गुमराह करना है।

## सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक का खेल

यह पूरा खेल किसी मेरठ के सन्नी गुप्ता का बताया जाता है। जबकि जिला प्रशासन ने मेरठ से इस व्यक्ति की खोजबीन भी नहीं कराई है कि उक्त व्यक्ति कौन है और क्या है सन्नी गुप्ता नाम के व्यक्ति ने इस खेल को अमृत महोत्सव नाम दिया और जनपद एटा कि भोलींभाली जनता को ठगने का रास्ता साफ किया हैं। कही ना कही इस खेल में प्रशासन का कोई अधिकारी भी हो सकता है क्योंकि सरकार की अमृत सरोवर योजना से मिलता-जुलता अमृत महोत्सव नाम नहीं रखा जाता। एक अनजान व्यक्ति सन्नी गुप्ता ने जनपद एटा को साबित किया है कि यहाँ कुछ भी ख़रीदा जा सकता है और बेचा जा सकता है। क्योंकि कोई तो है जो आँखों में धूल झोंक रहा है और लूट रहा है.... कौन है!!!

# एसएसपी एटा ने थाना मिरहची में अर्दली रूम के बाद किया पैदल मार्च, आमजन को दिलाया भरोसा तथा शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा थाना मिरहची पर अर्दली रूम किया गया, अर्दली रूम में क्षेत्राधिकारी सदर श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर एवं सभी विवेचकगण व थाना प्रभारी मौजूद रहे। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा थाना प्रभारियों के साथ शातिर अपराधियों के यहां स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अर्दली रूम के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना मिरहची एवं अन्य पुलिस बल के साथ थाना मिरहची कस्बे में पैदल गस्त कर व्यापारियों से संवाद स्थापित किए गए तथा अनावश्यक रूप से लोगों को सख्त हिदायत दी गई।

# अंत समय छोड़गये अपने तो गैर ने निभाया अपना फर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- श्रीमती अंबिका ( आशा ) पत्नी श्री सत्य नारायण निवासी भगीपुर एटा जो कि पिछले केई बर्षो से आवासीय बृद्धा आश्रम एटा में रह रही थी। पिछले केई दिनों से अस्वस्थ थी,आगरा मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा था। आज सुबह आपका निधन हो गया। इनके निधन



की सूचना बृद्धाश्रम अधीक्षक ने संस्कार मानव सेवा समिति एटा को दी। समिति ने आगे बढकर अपना फर्ज निभाते हुये श्रीमती अंबिका का अंतिम संस्कार मोक्ष धाम एटा पर पूर्ण हिंदू रीति रिवाज से कराया। अंतिम संस्कार के समय समिति अध्यक्ष अमित चौहान सर्राफ,समिति कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश ठेकेदार, बृद्धाश्रम से विनय और विनीत के साथ मृतक के रिशतेदार भी उपस्थित रहै।

# 16 वर्षीय किशोर को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द।

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- *एटा- घर से नाराज होकर निकले 16 वर्षीय किशोर को क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में थाना बागवाला और सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द। घटनाक्रमानुसार दिनांक 20.06.2022 को थाना बागवाला क्षेत्रांतर्गत ग्राम धुआई निवासी किशनपाल पुत्र साहब सिंह ने थाना बागवाला पर सूचना दी की उसका 16 वर्षीय पुत्र शिवम घर से नाराज होकर कही चला गया है। काफी खोजबीन के उपरांत भी वह नहीं मिला है। इस सूचना पर शिवम उपरोक्त की खोजबीन करने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा अपने निर्देशन में थाना बागवाला और सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। संयुक्त टीम द्वारा किए



गए सार्थक प्रयास से आज दिनांक 21.06.2022 को शिवम पुत्र किशनपाल उम्र करीब 16 वर्ष को थाना कोतवाली नगर एटा बस स्टैंड के पास से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में यह बात सामने आयी कि गुमशुदा किशोर अपनी पिता की डांट से क्षुब्ध हो घर से नाराज होकर चला गया था। गुमशुदा को बरामदगी के उपरान्त उसके परिजनो को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनो के अतिरिक्त अन्य उपस्थित लोगो द्वारा भी पुलिस द्वारा गुमशुदा किशोर को बरामद किये की भूरि - भूरि प्रंशसा की गयी।

# मनरेगा योजना को ठेंगा दिखा रही दबंग प्रधान की जेसीबी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपद एटा, विकास खंड शीतलपुर क्षेत्र के ग्राम लोया बादशाहपुर बलवंत मैं मनरेगा योजना को ठेंगा दिखा अमृत सरोवर योजना का कार्य मजदूरों से न लेकर जेसीबी से कराया जा रहा हैं । कारण भले जो हो लेकिन दबंग प्रधान द्वारा मनरेगा मजदूरों के हक पर डाले जा रहे डाके के बाद न तो स्थानीय लोग इसके विरुद्ध मुहँ खोलने की हिम्मत जुटा पा रहे और न जिम्मेदार अफसरों की ही नजर इस तरफ है । नतीजा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी मनरेगा योजना को ठेंगा दिखा मजदूरों की मजदूरी को उत्तर प्रदेश सरकार की अमृत सरोवर योजना को अंतिम रूप देनें के नाम पर दबंग प्रधान द्वारा पलीता लगाया जा रहा हैं । हालांकि अमृत सरोबर योजना के जेसीबी से होते कार्य की वीडियो शोशल मीडिया में भी वायरल हो रही है ।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्चअधिकारी ईस ओर नहीं दे रहे ध्यान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कई वर्षों से ग्राम पंचायत बिहारपुर आंगनवाड़ी केंद्र पुरानपारा झोपड़ी में किया जा रहा है संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्चअधिकारी ईस ओर नहीं दे रहे ध्यान सूरजपुर-जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत बिहार पुर के आंगनबाड़ी केंद्र पुरान पारा में कई वर्षों से झोपड़ी में आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है उच्च अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के नहीं दे रहे ध्यान ग्राम पंचायत बिहार पुर के सबसे बड़ा यह केंद्र पुरान पारा में 4 से 5 किलोमीटर दूर तय करके बच्चे आते हैं जिसमें लगभग जनसंख्या 780 गौरतलब की बात यह है कि सूरजपुर जिले के लगभग 110 किलोमीटर दूर क्षेत्र बिहार पुर में सोशल मीडिया में बड़े-बड़े नेता मंत्री कर रहे हैं दवा लेकिन धरातल पर झोपड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र संचालन हो रहा है 7 मई को भेंट मुलाकात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वही आंगनवाड़ी केंद्र भवन के पास ग्रामीण भोपाल सिंह के यहा दोपहर भोजन किए थे परंतु मुख्यमंत्री जी को आंगनबाड़ी केंद्र भवन हि नहीं दिया




क्योंकि मुख्यमंत्री बिहार पुर क्षेत्र में नहीं चाहते विकास का सौगात देना त

■ कई वर्षों से ग्राम पंचायत बिहारपुर आंगनवाड़ी केंद्र पुरानपारा झोपड़ी में किया जा रहा है संचालन

पुरान पारा के ग्रामीण मुख्यमंत्री आने का राह देख रहे थे कि शायद आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण हो सके किंतु मुख्यमंत्री जी सोशल मीडिया में वाहवाही लूटने आए ग्रामीणों का कहना है कि यदि झोपड़ी में आंगनवाड़ी केंद्र संचालन किया जा रहा है यदि छोटे-छोटे बच्चों को आए दिन सांप बिच्छू आदि कीड़ा काट देगा उसका जिम्मेदार कौन होगा ग्रामीणों ने यह भी की आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराया जाए अन्यथा ग्रामीण रोड पर उतरने के लिए होगी मजबूर जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगी

# बिना लाइसेंस गाड़ी दौड़ाने वाले चालकों पर सूरजपुर पुलिस ने किया कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले के थाना-चौकी की पुलिस ने बिना लायसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्यवाही किया है ताकि सड़क दुर्घटना से होने वाले जनहानि को रोका जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिलेभर में पुलिस ने अभियान चलाकर पिकअप व छोटा हाथी वाहन चालकों के इसेंस की जांच की। इस दौरान 39 चालक बिना ड्राईविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए जिनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 28000 रूपये का समन शुल्क लिया गया है। चालकों के ड्राईविंग लायसेंस चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस के अधिकारियों ने वाहन चालकों को तेज गति से वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही पुलिस ने वाहन मालिकों से अपील किया है कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए अपने वाहनों को ऐसे चालक से ही चलवाए जिनके पास वैध ड्राईविंग लायसेंस हो।

## 15 वर्षीय बालिका की कुआं में गिरने, पानी में डुबने से हुई मृत्यु। पुलिस की अपील- कुआं में जगत (अहाता) जरूर बनावाए।

सूरजपुर। बीते मंगलवार को ग्राम बतरा निवासी टहल राम राजवाड़े ने चौकी करंजी में सूचना दिया कि सुबह यह अपने पत्नी के साथ खेत गया था 15 वर्षीय रीता घर पर थी, दोपहर 12 बजे जब दोनों घर वापस आए तो देखे कि रीता घर में नहीं थी। लड़की का कपड़ा कुआं के पास था तब कुआं में गिरने के अंदेशा होने पर कुआं में झगर डालने पर रीता का शव पानी की सतह पर आया। मृतिका रीता राजवाड़े की मृत्यु कुआं के पानी में डुबने से होने की सूचना पर चौकी करंजी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बालिका जिस कुआं में गिरी है उस कुएं के चारों ओर अहाता (जगत) नहीं था। पुलिस की अपील- सूरजपुर पुलिस ने कुआं में गिरने से होने वाले दुर्घटना से बचाव के लिए कुएं के चारों ओर जगत (अहाता) बनवाने की अपील किया है ताकि कुआं में गिरने से होने वाले जनहानि को रोका जा सके।

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग बालिका को भगा ले जाकर अनाचार करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

पेंड्रा-अपराध क्रमांक 245/22 धारा 363, 366, 376, भादवि 4, 6 पास्को एक्ट गिरफ्तार आरोपी - संदीप कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय पंचराम चौधरी और 22 साल निवासी खूंटापारा भलौर थाना मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया, छ०ग मामला थाना पेंड्रा का है दिनांक 20/06/2022 को पीडिता का पिता रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग पुत्री फेस पहनकर स्कूल गई थी जो वापस नहीं आई पता तलाश किया तो ज्ञात हुआ कि इसकी नाबालिग लड़की को संदीप चौधरी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना पेंड्रा में अपराध क्र० 245/ 22 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गौरेला श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना पेंड्रा की टीम गठित कर मामले में अपहृत



बालिका एवं आरोपी पतासाजी का निर्देश दिए। थाना पेण्ड्रा की टीम के द्वारा पतासाजी के दौरान अपहृत बालिका के लोकेशन की जानकारी लेकर कोरिया जिले से आरोपी संदीप कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय पंचराम चौधरी और 22 साल निवासी खूंटापारा भलौर थाना मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया के कब्जे से अपहृत बालिका को बरामद किया गया। प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि एवं 4, 6 पास्को एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी संदीप कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय पंचराम चौधरी और 22 साल निवासी खूंटापारा भलौर थाना मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया, छ०ग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में आरोपी गिरफ्तारी से लेकर अपहृता बरामदगी तक की कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान थाना प्रभारी पेंड्रा उप निरी धर्म नारायण तिवारी, सहायक उप निरीक्षक सहस राम रजक, प्रधान आरक्षक आडिल एवं महिला आरक्षक सरिता मरावी का रहा।

# पण्डो बहुल गांवों में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर डॉ. आर.एस. सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्ड के पण्डो बहुल 139 ग्रामों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम गठित कर पण्डों परिवार के समस्त व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण उस ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच की जा रही है। विकासखण्ड सूरजपुर के पण्डो बहुल ग्राम के 1282 जनसंख्या, भैयाथान के 604, प्रतापपुर के 901, प्रेमनगर के 857, रामानुजनगर के 778 एवं विकासखण्ड ओडगी के 6416 जनसंख्या की स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर की जा रही है इसमें सभी परिवार के सदस्यों का हिमोग्लोबिन



जांच, बीपी, शुगर, मलेरिया, टीबी, मोतिया बिंद, स्केबीज एवं मौसमी बिमारियों का जांच की जा रही है, 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन महिला, पुरूष को आयरन सुक्रोज की बॉटल, आयरन टेबलेट से उपचार पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है। 01 जून 2022 से 22 जून 2022 तक 4072 पण्डो परिवार का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें 655 पण्डो परिवार पीड़ित पाये गये जिनका स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह ने अभियान को सफल बनाने हेतु पण्डो परिवार से अपील की है।